# अमर उजाला (Amar Ujala)

| | | |
|---|---|---|
| National News Paper | Edition: Delhi | Circulation: 136382 |
| Date: 6.7.2026 | Page No. 12 | Serial No. 3 |



# खदानों से अवैध कोयला खनन और चोरी रोकने के लिए हो बहुस्तरीय व्यवस्था : शाह

## गृह मंत्री ने उच्चस्तरीय बैठक में क्विक रिस्पॉन्स टीम गठित करने के दिए निर्देश

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने झारखंड के धनबाद और आसपास के क्षेत्रों में अवैध कोयला खनन व चोरी पर रोक लगाने के लिए सीआईएसएफ को जीरो कोल लीकेज प्लान लागू करने का निर्देश दिया है। गृह मंत्री ने संवेदनशील इलाकों में क्विक रिस्पॉन्स टीम (क्यूआरटी) गठित करने, बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था स्थापित करने और सूचना मिलते ही अवैध खनन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा।

रविवार को केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी के साथ हुई उच्चस्तरीय बैठक में गृह मंत्री शाह ने धनबाद क्षेत्र में अवैध खनन और कोयला चोरी की स्थिति की समीक्षा की। बैठक में केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन, कोयला सचिव, कोयला मंत्रालय, सीआईएसएफ, कोल इंडिया लिमिटेड और बीसीसीएल के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में बताया गया कि सीआईएसएफ और कोल इंडिया लिमिटेड के अधिकारियों को खान व खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 के तहत कार्रवाई करने का अधिकार दिया गया है। इसके तहत वे अदालत में मामले दर्ज कर सकते हैं, अवैध कोयले के भंडारण वाले परिसरों में प्रवेश कर तलाशी और जब्ती की कार्रवाई कर सकते हैं। साथ ही अवैध रूप से निकाले गए खनिज, उपकरण और वाहनों को जब्त कर सकते हैं।



### जीएसटी तंत्र से होगी निगरानी

शाह ने कहा, केवल वैध खदानों से निकले कोयले का ही उपयोग सुनिश्चित करने और अवैध परिवहन रोकने के लिए जीएसटी अधिकारियों की भी भागीदारी जरूरी है। कोयले के हर परिवहन के ई-वे बिल की जांच के लिए प्रभावी व्यवस्था बनाई जाए।

**नियमित समीक्षा के निर्देश**...गृह मंत्री ने कोयला मंत्रालय को कार्रवाई की नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए। साथ ही गृह मंत्रालय के अधिकारियों से कहा कि कोयला क्षेत्र को सीआईएसएफ तैनाती की प्राथमिकता सूची में शामिल किया जाए, ताकि जरूरत पड़ते ही संवेदनशील इलाकों में बल की तैनाती की जा सके।

## शाह के कोलकाता दौरे से पहले तनाव...श्यामा प्रसाद की प्रतिमा के लिए बने चबूतरे में तोड़फोड़

**कोलकाता।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के कोलकाता दौरे से ठीक पहले नया विवाद खड़ा हो गया है। उत्तर कोलकाता के सुकिया स्ट्रीट स्थित राममोहन लाइब्रेरी के सामने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और गोपाल मुखर्जी (गोपाल पाठा) की प्रस्तावित प्रतिमाओं के लिए बनाए गए चबूतरे और शिलापट्ट में तोड़फोड़ किए जाने से राजनीतिक तनाव बढ़ गया। भाजपा ने इसे सुनियोजित साजिश बताते हुए तृणमूल कांग्रेस पर आरोप लगाया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों और यातायात निगरानी कैमरों की फुटेज की जांच कर रही है।

### श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125 फीट ऊंची प्रतिमा का आज करेंगे शिलान्यास

गौरतलब है कि शाह सोमवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती पर यहां 125 फीट ऊंची प्रतिमा के निर्माण कार्य का शिलान्यास करेंगे। पश्चिम बंगाल सरकार ने सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए नए कानून के तहत तोड़फोड़ करने वालों से नुकसान की तीन गुना राशि वसूलने का फैसला किया है। भवानीपुर में नागरिक समाज और कारोबारी समुदाय के प्रतिनिधियों से बातचीत में मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने कहा, अगर कोई आरोपी हर्जाना नहीं चुकाता है तो उसकी संपत्ति की नीलामी कर वसूली की जाएगी। ब्यूरो